दिनांक 02.10.2021

मुख्यालय पुलिस महानिदेशक, उत्तर प्रदेश।

राष्ट्रपिता महात्मा गॉधी जी की 152 वीं जयन्ती पर पुलिस मुख्यालय में समारोह सम्पन्न

02 अक्टूबर, राष्ट्रपिता महात्मा गॉधी की 152 वीं जयन्ती के अवसर पर पुलिस मुख्यालय गोमतीनगर विस्तार में कोविड–19 के दृष्टिगत गाइड लाइन्स का अनुपालन करते हुये समारोह का आयोजन किया गया। समारोह में श्री मुकुल गोयल, पुलिस महानिदेशक, उ0प्र0 द्वारा राष्ट्रपिता महात्मा गॉधी के चित्र पर माल्यार्पण किया गया तथा उपस्थित वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों एवं कर्मचारियों द्वारा गॉधी जी के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित किये एवं बैंड द्वारा लोकप्रिय भजन बजाये गये। तत्पश्चात पुलिस महानिदेशक, उ0प0 द्वारा उपस्थित पुलिस अधिकारियों एवं कर्मचारियों को सम्बोधित किया गया।

अपने सम्बोधन में पुलिस महानिदेशक, उ0प्र0 ने कहा कि

वरिष्ठ पुलिस अधिकारीगण एवं साथियों,

आज 02 अक्टूबर पूरा देश राष्ट्रपिता महात्मा गांधी जी की 152वीं जयन्ती मना रहा है। यह दिन हम सबको राष्ट्रपिता. महात्मा गांधी जी के आदर्शों, सिद्धान्तों व उनके सद्विचारों को अपनाने व समझने के लिये प्रेरित करता है।

राष्ट्रपिता महात्मा गांधी जी के नेतृत्व में चलाये गये स्वाधीनता आन्दोलन, स्वदेशी आन्दोलन, नमक सत्याग्रह, व्यक्तिगत सत्याग्रह आदि हमारे लिये प्रेरणा दायक हैं। महात्मा गांधी जी का ''सादा जीवन उच्च विचार'' मितव्ययता, नैतिकता, भाईचारा तथा सर्वधर्म समभाव जैसे आदर्श जीवन मूल्य हमें दैनिक जीवन में अपनाना चाहिये।

गांधी जी स्वच्छता को बहुत महत्व देते थे और वह चाहते थे हमारे गांव एवं शहर हमेशा स्वच्छ रहें। इसी प्रेरणा से हमने स्वच्छता अभियान शुरू किया है, मैं चाहता हूं कि हमारा थाना परिसर, पुलिस लाइन एवं आवासीय परिसर हमेशा साफ सुथरा बना रहे।

महात्मा गांधी जी ने नशामुक्ति पर हमेशा बल दिया। उनका मानना था कि स्वस्थ देश के निर्माण के लिये समाज को नशामुक्त करना आवश्यक है। समाज निर्माण में पुलिस की अत्यन्त महत्वपूर्ण भूमिका होती है अतः हमारे लिये यह आवश्यक है कि हम बुराई से बचे एवं समाज को बुराई से बचने के लिये प्रेरित करें।

महात्मा गांधी जी सामाजिक सौहार्द एवं आपसी समरसता की स्थापना हेतु जीवन पर्यन्त प्रयासरत रहे और हम पुलिस जनों को भी उनके इन आदर्शों का अनुसरण करते हुये समाज में शांति एवं सद्भाव बनाये रखने के लिये सदैव प्रयासरत रहना चाहिये।

पुनः राष्ट्रपिता की पावन जयन्ती पर आप सभी को हार्दिक शुभकामनायें।

जय हिन्द!

इस अवसर पर पुलिस महानिदेशक उत्तर प्रदेश द्वारा पुलिस मुख्यालय में कार्यरत चतुर्थ श्रेणी कर्मचारियों को उपहार भेंट किया गया।

उत्तर प्रदेश पुलिस